जमशेदपुर: झारखंड का सबसे स्वच्छ शहर

चर्चा में क्यों?

जमशेदपुर नगर क्षेत्र की नागरिक उपयोगिता, **जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (JNAC)** स्वच्छता के मामले में झारखंड में सर्वश्रेष्ठ बनी हुई है।

- **जमशेदपुर ने वर्ष 2019 के बाद से लगातार पाँचवीं बार शीर्ष स्थान हासिल किया है, साथ ही अखिल भारतीय सर्वेक्षण में देश भर में 1-10 लाख** की जनसंख्या श्रेणी में 43वाँ स्थान प्राप्त किया है और कुल मिलाकर यह भारत के 4500+ शहरों में 78वें स्थान पर है।
- ## मुख्य बिंदु:
- JNAC ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में **झारखंड में 1-10 लाख की आबादी वाले शहरों में शीर्ष स्थान हासिल किया।**
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में JNAC को 9,500 में से कुल 7042.4 अंक प्राप्त हुए हैं। **इसके अलावा, जमशेदपुर शहर को** खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ++) **और 3 स्टार प्रमाणन भी प्राप्त है।**
- JNAC ने बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन के लिये जागरूकता फैलाने हेतु प्लास्टिक प्रतिबंध जैसे विषयों पर कार्यशालाओं के अलावा नियमित रूप से "भारतीय स्वच्छता लीग 2.0", "**रीसायकल रिड्यूस एंड रियूज़ (RRR)** अभियान", **"होम कंपोस्टिंग", स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता के दो रंग, "कबाड़ से जुगाड़"** की मेज़बानी करने का भी दावा किया है।
- **"दीवार पेंटिंग", स्कूलों, होटलों, अस्पतालों, आवासीय अपार्टमेंटों के बीच स्वच्छता रैंकिंग, स्वच्छता संबंधी संदेशों और होर्डिंग्स** के माध्यम से भी जागरूकता फैलाई गई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jamshedpur-cleanest-city-in-jharkhand